14/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा कि समावेश की भावना देश के सामाजिक जीवन के हर पहलू में व्याप्त है। राष्ट्रपति ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता जब तक कि सामाजिक लोकतंत्र इसके आधार पर न हो। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और समाज के अन्य हाशिए पर पड़े वर्गों के कल्याण के लिए कई पहल की हैं। राष्ट्रपति ने इस संबंध में सरकार की कुछ पहलों के रूप में प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण-पीएम-सूरज और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान-पीएम-जनमन का उल्लेख किया।उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद भारत ने अपनी भूमिका को मजबूत किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि राष्ट्र उस अभूतपूर्व मानवीय त्रासदी को याद करता है और उन परिवारों के साथ खड़ा है जो बिखर गए थे। राष्ट्रपति ने हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक खेलों में भारतीय दल के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना भी की।

0000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले से 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस का विषय विकसित भारत@2047 है। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि यह समारोह 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की दिशा में सरकार के प्रयासों को नए सिरे से बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

00000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरूणाचल प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत छह सौ फुट लम्बे भारत के राष्ट्रीय ध्वज को लेकर निकाली गई तिरंगा यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि अरूणाचल प्रदेश में प्रत्येक नागरिक के दिल में देशभक्ति की जडें गहरी हैं और यह राज्य की आकर्षक सांस्कृतिक विरासत में स्पष्ट तौर पर झलकती है।

00000000000000

ईटानगर एसपी रोहित राजबीर सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अरुणाचल रत्न डीएसपी बोमतो कामदाक की असाधारण सेवा और सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में, राजधानी पुलिस ने 'पुलिस आजीन' पहल के तहत "बोमतो कामदाक मेडल ऑफ होप" की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अगस्त के महीने में हर साल ऐसे व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाएगा, जिन्होंने पुलिस-समुदाय संबंधों एंव सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने और सामाजिक कल्याण को आगे बढ़ाने में असाधारण योगदान दिया हो।13 अगस्त, 2016 को, ईस्ट कामेंग जिला पुलिस मुख्यालय में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में अपनी सेवा प्रदान करते हुए,

सांगरुंगवा गाँव में एक कुख्यात अपराधी के खिलाफ ऑपरेशन में अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए, उन्होंने कर्तव्य की राह में अपनी जीवन का बलिदान दिया था।

00000000000000

गत सोमवार को अरुणाचल प्रदेश भाजपा प्रभारी अशोक सिंघल ने तवांग में एक संवाद कार्यक्रम के दौरान जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की कई प्रमुख योजनाएं राज्य में लागू की जाती हैं, लेकिन उचित जानकारी के अभाव में लोग इनका लाभ नहीं उठा पाते हैं। असम के मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने का आग्रह किया ताकि जमीनी स्तर पर इनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। संवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडु ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अरुणाचल को केंद्र सरकार से असाधारण समर्थन मिला है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अरुणाचल प्रदेश को एक समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में लगन से काम करने की अपील की।

00000000000000

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) का प्रोजेक्ट वर्तक 12 से 15 अगस्त तक पूरे जोश और उत्साह के साथ भारत सरकार की पहल “हर घर तिरंगा” अभीयाना का आयोजन कर रहा है। बीआरओ द्वारा लोगों को अपने घरों पर झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित कर जागरूकता फैलाने और देशभक्ति की भावना पैदा करने के लिए, तिरंगा मार्च, तिरंगा दौड़, तिरंगा साइकिल

और मोटर साइकिल रैलियां जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संगठन द्वारा राष्ट्र के प्रति गर्व की भावना पैदा करने के लिए, लोगों के बीच राष्ट्रीय ध्वज के महत्व पर प्रकाश डालने वाले पर्चे भी बांटे गए और उन्हें झंडे के साथ अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। सेला टॉप, सेला टनल, नेचिफु टनल, बोमडिला, जिमिथांग, तवांग और दामतेंग के प्रमुख बीआरओ कार्य स्थलों पर भी 'झंडे के साथ सेल्फी' अभियान चलाया गया।

0000000000000

हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोअर सियांग जिले में तिरंगा यात्रा शुरू हुई। तिरंगा यात्रा जिले के हर कोने से गुजरते हुए गांवों के हर घर तक पहुंचेगी, और अड्ढहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लिकाबाली के चिदु चिगो मैदान में समाप्त होगी। कार्यक्रम के एक हिस्से के रुप में लिकाबाली के डीसी ऑफिस परिसर में डिप्टी कमिश्नर रुज्जुम राक्षाप ने मंगलवार को सरकारी अधिकारियों को हर घर तिरंगा और नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई।

0000000000000

पासीघाट ईस्ट के विधायक तापी दारांग ने आज 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत डीसी कार्यालय से पर्यावरण के अनुकूल साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने जिले के लोगों के बीच राष्ट्रीय तिरंगे के सम्मान और जागरूकता फैलाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल पहल की सराहना की। इस कार्यक्रम का आयोजन ईस्ट सियांग जिला प्रशासन ने पासीघाट स्मार्ट सिटी और पासीघाट साइक्लिंग क्लब के सहयोग से किया।

इस बीच, देश के विभाजन के कारण हुई अभूतपूर्व विपत्तियों के सामने मानवीय भावना की जीत और विभाजन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने वाली एक फोटोग्राफिक प्रदर्शनी का आयोजन भी ईस्ट सियांग डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में की गई।

00000000000000